भारत सरकार

रेल मंत्रालय

राज्य सभा

07.08.2026 के

अतारांकित प्रश्न सं. 2373 का उत्तर

विझिंजम अंतर्राष्ट्रीय पत्तन - रेल संपर्क

2373. श्री पी.पी. सुनीर:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या विझिंजम अंतर्राष्ट्रीय पत्तन - रेल संपर्क परियोजना, जिसके लिए भूमि अधिग्रहण का कार्य पहले ही पूरा हो चुका है, को पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान में शामिल किया गया है;

(ख) क्या मंत्रालय विझिंजम पत्तन का उपयोग करके निरंतर राजस्व अर्जित करने के उद्देश्य से विझिंजम पत्तन से तिरुवनंतपुरम (टीवीएम) मंडल की मुख्य रेलवे लाइन तक 10.7 किमी नई लाइन संपर्क का निर्माण कार्य शुरू करने पर विचार करेगा; और

(ग) क्या मंत्रालय, इस परियोजना के पूरा होने पर, यद्यपि इसे एक राज्य परियोजना के रूप में शुरू किया गया था, उपर्युक्त नई रेलवे लाइन के संचालन और रखरखाव का दायित्व संभालने के लिए तैयार होगा?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ग): भारतीय रेल नेटवर्क के साथ बंदरगाह के निर्बाध एकीकरण और भारतीय रेल की मल्टीमॉडल संभार-तंत्र क्षमताओं को सुदृढ़ करने के लिए विझिंजम अंतर्राष्ट्रीय बंदरगाह के लिए रेल संपर्कता निष्पादनाधीन है। 10.7 कि.मी. रेल लिंक दक्षिण रेलवे नेटवर्क के तिरुवनंतपुरम-नागरकोविल खंड पर बलरमापुरम (बीआरएएम) स्टेशन के साथ विझिंजम अंतर्राष्ट्रीय बंदरगाह को जोड़ेगा। यह महत्वपूर्ण बंदरगाह-संपर्कता परियोजना बीआईएसएजी पोर्टल के माध्यम से पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान में भी शामिल किया गया है।

यह परियोजना रेल मंत्रालय की सार्वजनिक-निजी-साझेदारी (पीपीपी) नीति के तहत विकसित की जा रही है, जिसके लिए दक्षिण रेलवे और केरल सरकार की एक विशेष प्रयोज्य योजना विझिंजम इंटरनेशनल सीपोर्ट लिमिटेड (वीआईएसएल) के बीच एक करार पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

इस करार के प्रावधानों के अंतर्गत, विझिंजम इंटरनेशनल सीपोर्ट लिमिटेड भारतीय रेल के पर्यवेक्षण में लाइन का निर्माण और अनुरक्षण करता है, जबकि भारतीय रेल रेलगाड़ी परिचालन और आवागमन के नियंत्रण के लिए उत्तरदायी है।

******